की फीस की छूट की अवधि तीन मास से 6 मास तक बढ़ाने की घोषणा कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इसकी सूचना बिहार राज्य सरकार को भेज दी गई है और यदि हां, तो कब; और

(ग) इस शीर्षक के अन्तर्गत बिहार राज्य सरकार को कितनी राशि दी गई है ?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) जी, नहीं।

(ख) यह सवाल पैदा ही नहीं होता।

(ग) जिन क्षेत्रों को राज्य सरकार ने अकाल-ग्रस्त घोषित किया है वहां के छात्रों की फीस तीन महीने के लिए माफ़ करने के सम्बन्ध में केन्द्रीय सहायता देने के लिए भारत सरकार ने मौजूदा वर्ष में सूखा सम्बन्धी सहायता के लिए निर्धारित 42 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा के अन्तर्गत, अधिक से अधिक 40 लाख रुपया खर्च करने की अनुमति दी है।

ग्रामों में मेडिकल कालेज

1457. **श्री शिवकुमार शास्त्री** : क्या **स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं नगर विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ राज्य सरकारों ने केन्द्रीय सरकार को ग्रामों में मेडिकल कालेज खोलने के अपने प्रस्ताव के बारे में केन्द्रीय सरकार को लिखा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस बारे में सरकार ने कोई निर्णय किया है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस परियोजन के लिए सरकार का कितनी सहायता देने का विचार है ?

स्वास्थ्य, परिवार नियोजन तथा नगरीय विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बी० एस० मूर्ति) : (क) से (ग). मेडिकल कालिज किन किन स्थानों पर खोले जाने चाहिये इसका निर्णय राज्य सरकारें करती हैं। महाराष्ट्र सरकार ने सेवाग्राम में मेडिकल कालिज की स्थापना के लिये खास तौर पर प्रस्ताव भेजा है। इस पर अभी विचार हो रहा है।

(घ) नए मेडिकल कालिज खोलने के लिए राज्य सरकारों को केन्द्रीय सहायता चौथी योजना के लिये अनुमोदित नियम के अनुसार दी जाती है। इसके अनुसार आवर्ती तथा अनावर्ती दोनों प्रकार के खर्च का 50 प्रतिशत दिया जाता है।

सेवाग्राम में प्रस्तावित मेडिकल कालिज को कितनी सहायता दी जायेगी यह अभी निर्णीत नहीं हुआ है।

ADMISSION TO MEDICAL COLLEGES IN UNION TERRITORIES

1458. SHRI HEM RAJ: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state:

(a) the number of students who applied for admission in the various Medical Colleges in the Union Territories in India during the current year;

(b) the number of students who got admission and the number rejected and the Division of those rejected; and

(c) the number of students who passed in the Third Division and were still admitted?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH, FAMILY PLANNING AND URBAN DEVELOPMENT (SHRI B. S. MURTHY): (a) and (b). 6829 students applied for admission to the Medical Colleges in the Union Territories during the year 1967. Out of them 454 have been admitted and the remaining have been rejected for admission in these colleges. Information regarding the division secured by all those who were rejected admission due to non-availability of seats or not possessing the minimum prescribed qualifications is not available.

(c) One.